संख्या–cm-395
17/08/2021

# मुख्यमंत्री ने खगड़िया के भरतखंड हाई स्कूल स्थित बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण, प्रभावित लोगों से की बातचीत, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

- मुख्यमंत्री ने बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड अंतर्गत खोरमपुर घाट क्षेत्र में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से उत्पन्न स्थितियों का भी लिया जायजा

पटना, 17 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के भरतखंड उच्च विद्यालय में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में लोगों से भोजन की गुणवत्ता एवं वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। वहां बनाये गये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां रह रहे सभी लोगों की कोरोना जांच अवश्य करायें और उनका टीकाकरण करायें। राहत शिविर में रह रहीं महिलाओं के बीच मुख्यमंत्री ने साड़ी का भी वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने एवं उनकी हर प्रकार से मदद करने के लिए पूरी तत्परता से काम करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

बाढ़ राहत शिविर निरीक्षण के पूर्व भरतखंड के उत्तरी बाबा स्थान (सहनी टोला) के स्लूइस गेट एवं बांध का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खगड़िया के सांसद श्री महबूब अली कैसर, परबत्ता के विधायक डॉ0 संजीव कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री प्रेम सिंह मीणा, डी0आई0जी0 मुंगेर प्रक्षेत्र श्री पंकज सिन्हा, जिलाधिकारी श्री आलोक रंजन घोष, पुलिस अधीक्षक श्री अमितेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बाढ़ राहत शिविर के निरीक्षण के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे कर रहे हैं और साथ ही बाढ़ राहत शिविरों में जाकर उसका निरीक्षण भी कर रहे हैं। लोगों के लिए बाढ़ राहत शिविरों में कैसा इंतजाम है इसको जाकर देखते हैं। एक–एक चीज की जानकारी लेते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से ही हमलोगों ने आपदा प्रबंधन के लिए काम शुरु किया। हमलोगों का शुरु से ही मानना है कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को हरसंभव मदद

पहुँचायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में भी गंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ा था। इस बार गंगा का जलस्तर वर्ष 2016 की तुलना में कम है। वैसे तो हर साल बाढ़ आती है लेकिन इस बार गंगा नदी का जलस्तर ज्यादा बढ़ गया है। कई जगहों पर काफी लोग प्रभावित हुए हैं, उनको राहत मिले इसके लिए सभी इंतजाम किये जा रहे हैं। हमलोग सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लगातार ले रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री बेगूसराय पहुँचे। मुख्यमंत्री ने बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड अंतर्गत खोरमपुर घाट क्षेत्र में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से उत्पन्न स्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए चलाए जा रहे सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने मेडिकल टीम को प्रभावितों इलाकों में नियमित रूप से भ्रमण करवाने तथा मवेशियों के लिए आवश्यकतानुसार पशुचारा आदि वितरित करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के क्रम में खोरमपुर घाट क्षेत्र के स्थानीय लोगों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली तथा प्रभावित लोगों एवं परिवारों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल, बेगूसराय के जिलाधिकारी श्री अरविंद कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार उपस्थित थे।

******